# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024





## खबर संक्षेप



### नरेश बने जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष

**जामगांव आर।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय विज्ञान कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय जामगांव आर नरेश केला 5 साल बाद पुनः जनभागीदारी समिति अध्यक्ष पद पर आसीन हुए। नवरात्रि के प्रथम दिवस पर महाविद्यालय स्टाफ ने नरेश केला का अध्यक्ष के रूप में कालेज में स्वागत वंदन किए। भाजपा सरकार प्रदेश में आते ही पुनः मनोनित अध्यक्ष नरेश केला ने कार्यकारिणी सदस्यों की सूची जारी की। जिसमे लालेश्वर साहू, लालजी डहरे, आसकर जैन, रामकुमार चन्द्राकर, मनीश चन्द्राकर, कमलेश साहू, प्रेमचंद चौरड़िया, तेजेन्द्र पिपरिया, प्रमोद ठाकुर, खेमलाल ठाकुर, खेमलाल देशलहरे, शैलेन्द्र मंडावी, पूर्णेन्द्र सिन्हा, संयज साहू, उमाशंकर शुक्ला, संतोश साहू, भोजराम साहू, राजकुमार ठाकुर, गरिमा, लोकेश्वर साहू, रूपेन्द्र साहू हैं।

### जल जगार महोत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे देवेंद्र



बालोद। बालोद के छात्र देवेंद्र कुमार साहू का राज्य स्तरीय जल जगार महोत्सव धमतरी में होने वाले कार्यक्रम में बालोद जिला के प्रतिनिधित्व करने के लिए हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने उनका चयनित किया है। यह जल महोत्सव जो जल संरक्षण के थीम पर राज्य सरकार आयोजन धमतरी जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया जाता है। बालोद जिला में जल संरक्षण कार्यक्रमों और जल संरक्षण उपाय जल संबंधित कार्यों की तरफ से अपनी विचारों रखेंगे। जल्द जगार महोत्सव जल संरक्षण के उद्देश्य से धमतरी जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया जाता है और विभिन्न क्षेत्र की युवा जो सामाजिक कार्यों में अपना रुचि रखते हैं साथ जल संरक्षण क्षेत्र में कार्य करती है, उनका चयन कर जल संरक्षण को उद्देश्य उनके बीच संसद जल संसद की कार्यवाही के रूप में जल संरक्षण के उद्देश्य को उद्देश्य विचारों को वहां रखा जाता है और सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है।

**समस्या : शौचालयों में पानी नहीं, दरवाजे टूटे, नलों में टोटियां गायब, चारों तरफ गंदगी का आलम**

# लाखों की लागत से बने सामुदायिक शौचालयों में जड़ा ताला, सफाई के अभाव में है अनुपयोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

स्वच्छता पखवाड़ा बीत गया है। लेकिन पंचायतों के सार्वजनिक शौचालय आज भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है, उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। ग्राम पंचायतों में स्वच्छता कार्य मात्र फोटो खिंचवाने तक ही सिमित रहा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों की लागत से सामुदायिक शौचालयों में या तो ताले लगे हैं या पानी व सफाई के अभाव में अनुपयोगी हो गए हैं। ग्राम पंचायत करेंझर में पंचायत भवन के ठीक सामने सामुदायिक शौचालय है, यहां पानी नहीं है, अंदर के दरवाजे टूट रहे है, नलों में टोटियां गायब है, चारों तरफ गंदगी का आलम है। ग्राम पंचायत हितेकसा में पुरुषों को प्रातः 10 बजे तक एवं संध्या 4 बजे के बाद सामुदायिक शौचालय जाना मना है। यह इसलिए क्योकि यहां पंचायत ने पुरुष शौचालय का दरवाजा स्कूल के अंदर दे दिया है, स्कूल सुबह 10 बजे खुलता है तब शौचालय का ताला भी खुलता है एवं शाम 4 बजे स्कूल बंद होने के साथ शौचालय में भी ताला लटक जाता है, यहां पानी तो है, लेकिन सफाई का नितांत अभाव है, पाइप टूट रहे हैं।

**केस 1**

ग्राम पंचायत तार्री मे स्थिति सबसे खराब है, यहां शौचालय तालाब किनारे स्थित है, शौचालय ग्रामीणो के लिए उपयोगी है, लेकिन पंचायत की लापरवाही से इसका उपयोग ग्रामीण नहीं कर पा रहे हैं। यहां नलों में टोटी नहीं है, पानी नहीं है, बेंसिग के पाइप टूट चुके हैं, शौचालय की सीट, बेसिंग गंदगी से भरी पड़ी है।










**केस 2**

ग्राम पंचायत करेंझर का आश्रित ग्राम ओनाकोना, जो पूरे प्रदेश में अपनी प्राकृतिक सुंदरता एवं मछली पालन के लिए प्रसिद्ध है, यहां पर्यटकों के लिए सामुदायिक शौचालय बना है, महानदी के किनारे निर्मित शौचालय में पानी नहीं है। नलों में टोटीयां नहीं है, बेसिन की पाइप टूट चुकी हैं, सबसे बड़ी समस्या इस शौचालय तक जाने की है, शौचालय के सामने ही गंदगी, कचरों एवं खरपतवारों की भरमार है, शौचालय में सर्वत्र गंदगी की स्थिति है।

**केस 3**

ग्राम मुजालगोदी मे सामुदायिक शौचालय राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर निर्मित है, सड़क किनारे सामुदायिक शौचालय बनाया गया है, यहां तो ताला ही लगा रहता है, अंदर की स्थिति की जानकारी नहीं है, लेकिन भवन उपयोग के पहले ही जर्जर होने लगा है। दीवारों मे दरार दूर से दिखाई दे जाता है।

## बच्चे के जन्मदिन पर प्राथमिक शाला में कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत उमरादाह के आश्रित गांव पारागांव निवासी गुलेस्वर सिंह व परमेश्वरी मंडावी के मार्गदर्शन में उनके बेटे धैर्य कुमार मंडावी ने अपने पहले जन्मदिन के अवसर पर गांव के शिव मंदिर के पास बेल पौधे का पौधारोपण किया व प्राथमिक विद्यालय चरोटा में न्योता भोज कराया। साथ ही उन्होंने तांदुला जलाशल के निकट वृद्धाश्रम पहुंच कर बुजुर्गो को वस्त्र टॉवेल, शाल, मिठाई और फल प्रदान कर उनसे आशीर्वाद लिया।

- परिवार व बच्चे ने पौधारोपण भी किया


उनके पिता गुलेस्वर सिंह व माता परमेश्वरी मंडावी ने अपने बेटे धैर्य के प्रथम जन्मदिवस पर बच्चे को सिखाया कि अपने से बड़ों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। जीवन में माता पिता से बड़कर कोई नहीं होता। अपने माता- पिता का हमेशा सम्मान करना चाहिए। दादा बिसेस्वर सिंह और दादी फूलबासना मंडावी ने कहा कि नाती के जन्मदिन पर ऐसे कार्य करने से उनके मन को शांति मिलती है। इन स्थानों पर अपनी खुशियां बांटने से उनकी खुशी और बढ़ जाती है।

## परेंगुड़ा में भोला दशहरा कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भोलापठार ग्राम परेंगुड़ा में भोला दशहरा एवं नवाखाई महोत्सव 6 अक्टूबर को रखा गया है, जिसमें कार्यक्रम सुबह 08 बजे से ग्राम देव पूजा सुबह 10 बजे से सभी देवों का भोलापठार में पदार्पण एवं आदिवासी संस्कृति का विशाल झांकी, गेड़ी एवं मांदरी नृत्य, रेलापाटा, आंगादेव की झांकी राउत नाचा, पंथीनृत्य एवं अंतस सांस्कृतिक लोक कलामंच भिलाई की प्रस्तुति तुशांत बारले एवं खुमेश मानिकपुरी द्वारा की जाएगी।

जिसमें अतिथि आगमन दोपहर 01 बजे से विशिष्ट अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू, छाया विधायक संजारी बालोद राकेश यादव, संरक्षक प्रदेश साहू समाज रमेश साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद मीना सत्येंद्र साहू, जनपद अध्यक्ष बालोद प्रेमलता साहू, सदस्य जिला पंचायत बालोद केदार देवांगन, कुंवर लाल महेन्द्र, निवेन्द्र सिंह टेकाम, समाजसेवी (राजा लोहारा) चंदू लाल मरकाम समाजसेवी भिलाई रहेंगे। भोलापठार घने घनघोर जंगल पहाड़ों के बीच में भगवान



भोलेनाथ विराजमान है। यहां हजारों श्रद्धालू दर्शन करने आते हैं, यह मंदिर जिला मुख्यालय से महज 15 किलो मीटर की दूरी पर स्थित परेंगुडा (करहीभदर) में है, जिसमें भोलापठार समिति के अध्यक्ष राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित रामजी ठाकुर, महासचिव भुवन उईके, उपाध्यक्ष जोहन प्रधान, रामहु राणा, टीपी कौशल, सचिव पुरुषोत्तम निषाद, कोषाध्यक्ष महेंद्र तारम, मंच संचालन परमानंद गुरूपंच, संयुक्त सचिव लेवेंद्र उर्फ पप्पू चंद्राकर एवं जनजागरण सेवा समिति समस्त ग्रामवासी परेंगुडा करहीभदर साथ ही सहयोगी जनप्रतिनिधियों का सम्मान, ग्राम पंचायत परेगुड़ा सरपंच विमला देहारी, ग्राम पंचायत करहीभदर सरपंच लीलाराम डड़सेना, ग्राम पंचायत अमोरा सरपंच अमिता कुलदीप किया जायेगा। उक्त जानकारी भोलापठार मीडिया प्रभारी सूरज कौशिक ने दी।

## गंगा मइया मंदिर प्रांगण में विधिक जागरूकता के लिए लगा स्टॉल

हरिभूमि नयूज ▶▶| बालोद

गंगा मइया मंदिर प्रांगण झलमला में शारदीय नवरात्र को आयोजित मेला के अवसर पर 03 से 11 अक्टूबर तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद द्वारा विधिक जागरूकता के प्रचार–प्रसार के लिए स्टॉल लगाया गया है। उक्त स्टॉल का शुभांरभ प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा 03 अक्टूबर को किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा उपस्थित श्रद्धालुगण को विधिक जानकारी एवं विधि से संबंधित पुस्तक एवं पाम्पलेट का वितरण किया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार–प्रसार हेतु तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी स्टेट प्लॉन आफ एक्शन के अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश बालोद श्यामलाल नवरत्न अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के मार्गदर्शन में शिविर लगाया गया है।

इस अवसर पर प्रथम जिला न्यायाधीश बालोद किरण कुमार जांगडे, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट बालोद कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बालोद संजय कुमार सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्वेता उपाध्याय गौर एवं पीएलवी उपस्थित थे। उक्त स्टॉल में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा)



द्वारा संचालित योजनाएं, आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से विधिक सेवाएं योजना 2010, तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016 तथा एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना 2016 के संबंध में इसके अतिरिक्त पीडित क्षतिपूर्ति योजना 2011 एवं पीडित क्षतिपूर्ति योजना 2018, महिला हेल्पलाईन की जानकारी, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005, साइबर क्राईम से बचाव, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने आदि के संबंध में बैनर के माध्यम से विधिक जानकारी प्रदान की जा रही है एवं सरल कानूनी शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य देख–रेख अधिनियम 2017 अन्य पुस्तकों के माध्यम से भी विधिक जानकारी प्रदान किया जा रहा है।

## सांवत राम बने जिला किसान संघ के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय किसान संघ जिला बालोद का बैठक कर्मा भवन झलमला में संपन्न हुआ। जिसमें किसान संघ का पदाधिकारियों का चयन किया गया।

जिसमें सर्वसम्मति से सांवत राम साहू को अध्यक्ष बनाया गया और मंत्री चाणक्य यादव, उपाध्यक्ष टिकम साहू व देवी लाल डन्डसेना को बनाया गया है, चयन समिति मे अखिल भारतीय किसान संघ के कार्याकारिणी सदस्य डॉ. विशाल चंद्राकर एवं अध्यक्ष गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला बालोद डॉ तेज राम साहू, जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ बालोद छगन देशमुख, कार्यकारिणी सदस्य जिला दुर्ग योगेन्द्र साहू एवं जिला बालोद के बहुत से किसानों कि उपस्थित रहे। जिसमें बालोद ब्लाक अध्यक्ष सतीश भेड़िया, मंत्री लक्ष्मीचंद धनकर, उपाध्यक्ष हेमन्त कुमार यादव, गुण्डरदेही ब्लाक अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, मंत्री मनहरन साहू, शक्कर कारखाना के पूर्व अध्यक्ष बल्दु राम साहू, उत्तम साहू, दुवारिका प्रसाद साहू, रोमनाथ साहू, राम नारायण सिन्हा, अश्विनी कुमार साहू, बनाऊ राम साहू, राम सुख साहू, लंकेश्वर साहू, अरुण कुमार साहू, जिवन लाल साहू एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

## नव युवा संगठन ने नगर में की साफ-सफाई

**जामगांव आर।** सुरपा में नवयुवक संगठन का 11 वर्ष पूर्ण होने एवं गांधी जयंती पर नव युवा संगठन सुरपा के तत्वावधान में 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें बाजार चौक स्कूल परिसर, पंचायत स्थल सामने एवं व्यवसायिक परिसर की साफ सफाई की गई। ओदरागहन सरपंच जीनेश जैन (राजा) के सहयोग से एक दिवसीय ओलंपिक में छत्तीसगढ़ी खेल कूद का आयोजन भी किया गया। इसमें कबड्डी, रस्साकशी, स्लो साइकिल रेस, मेहंदी, चित्रकला, कुर्सी दौड़, खेल शामिल किया गया और विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



**संगठन के नरेंद्र बने अध्यक्षः**

नव युवा संगठन का नए पदाधिकारी का चुनाव किया गया, जिसमें अध्यक्ष नरेंद्र कुमार धरमगुड़ी, उपाध्यक्ष गिरधर यादव, सचिव ओंकार साहू, सह सचिव शैलेंद्र देवांगन कोषाध्यक्ष गुरदयाल यादव, मीडिया प्रभारी झामन लाल निर्मलकर, संगठन की सलाहकार लोमश ठाकुर, समुंद साहू, सरोज साव, संरक्षक डेमन कौशिक, सोमेश सिन्हा, देवेंद्र यादव, नुमेश साहू, खिलावन सिन्हा चुने गए।

### महाराष्ट्र नाट्य मंडल की विशेष सामान्य सभा आज

रायपुर। महाराष्ट्र नाट्य मंडल की विशेष सामान्य सभा 5 अक्टूबर को शाम 7 बजे रखी गई है। नाट्य मंडल के पदेन अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने विशेष सामान्य सभा के संदर्भ में कहा कि आगामी हफ्तों और महीनों में महाराष्ट्र मंडल में महाराष्ट्र नाट्य मंडल की नाट्य गतिविधियां बढ़ेंगी, जैसे 19 और 20 अक्टूबर को मराठी सोहला (मेला) में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के बीच महाराष्ट्र नाट्य मंडल के योगदान पर चर्चा होगी। नाटक 'भानगड़ पहावी लपवून' के दीपावली के बाद नवंबर माह में दोबारा मंचन और वृहन्न महाराष्ट्र मंडल के 10 व 11 जनवरी 2025 को होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में मराठी नाट्य मंचन की संभावना पर चर्चा की जा सकती है। शिविर जैसी अन्य गतिविधियों सहित विभिन्न विषयों को लेकर भी महाराष्ट्र नाट्य मंडल के पदाधिकारी व सामान्य सदस्य आपस में विमर्श करेंगे।

**ब्लॉक मनरेगा मेट संघ बालोद ने गांधी जयंती मनाई गई**

# मनरेगा योजना को धरातल पर सफल बनाने में मेटो का महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्लॉक मनरेगा मेट संघ बालोद द्वारा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य बालोद शारदा सिन्हा थी। अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लॉक मनरेगा मेट संघ बालोद धनेश्वरी साहू ने किया।

विशेष अतिथि अध्यक्ष ब्लॉक मनरेगा मेट संघ गुरुर तामेश्वर साहू, सहसचिव ब्लॉक बालोद तोमिन मरकाम, सहसचिव ब्लॉक गुरुर लोकेश साहू, मेट गुरुर राजेन्द्र साहू, मेट गुरुर टोमिन मंडावी द्वारा महात्मा गांधी व छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प, अबीर–गुलाल लगाकर



कार्यक्रम कि शुरुआत की।

मुख्य अतिथि शारदा सिन्हा ने कहा सभी मेट एक साथ संगठित होकर आगे बढ़े। अपने कार्य को जिम्मेदारी से करे और शासन द्वारा निर्धारित राशि मेटो को जरूर मिलना चाहिये। कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहे धनेश्वरी साहू ने सभी मेटो को एकजुट होकर वाउचर से कार्य करने, सभी पदाधिकारियों को व मेटो को पूर्ण सहयोग संघ को मिलें। कार्यक्रम का संचालन सचिव ब्लॉक मनरेगा मेट संघ बालोद तीरथ राम साहू द्वारा किया गया। तीरथ साहू ने कहा केंद्र सरकार कि योजना मनरेगा को मजदूरों तक व धरातल पर सफल बनाने के लिए मेटो का बहुत बड़ा योगदान रहा, लेकिन किसी न किसी रूप से मेटो का हक छीना जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित राशि 408 रूपये प्रति दिवस है, लेकिन मजदूरों कि तरह मजदूरी राशि दिया जा रहा है, मेट अपने कार्य को पूरा करने के बाद भी उस राशि में कटौती कि जा रही है। अपितु सभी मेट संगठित होकर अपने हक कि मांग करे, अगर आवश्यकता पड़े तो शासन प्रशासन के सामने आवाज उठाने के लिए तैयार रहें।

कार्यक्रम में उषा साहू, जामवंती विश्वकर्मा, कोमिन साहू, मोनिका साहू, खिलेश्वरी, टेमिन साहू, रजिया बेगम, कुसुम गंगबेर, पूर्णिमा बंजारे, ईश्वरी लाल साहू, दिलीप कुमार उपस्थित थे।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024

12 दिव्यांग सरपंच ने 300 बच्चों को परोसा स्वादिष्ट ...

10 मनरेगा योजना को धरातल पर सफल बनाने में मेटो...




## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है। पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

## खबर संक्षेप

### खुंटेरी अचौद में मंदिर निर्माण कर बूढ़ादेव मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**बालोद/कलंगपुर।** आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज द्वारा ग्राम खुंटेरी अचौद में भव्य मंदिर निर्माण कर बूढ़ादेव की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा किया गया है। इस क्वांर नवरात्रि के पावन अवसर पर 5 ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है। स्वजातीय सहित ग्रामीणजन मंदिर में सुबह शाम पूजा अर्चना कर आरती में शामिल हो रहे हैं।

### अधेड़ ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**बालोद।** एक अधेड़ ने आज फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। ग्राम जुंगेरा में स्थित बंजारीधाम के पीछे नर्सरी में एक पेड़ में ग्राम जुंगेरा मंगलूराम साहू 63 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। जानकारी के अनुसार मृतक काफी समय से पेट दर्द से परेशान था। इसी कारण से उन्होंने आत्महत्या जैसे कदम उठाया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद उनके परिवार को सौंप दिया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### नवोदय में लेटरल एंट्री प्रवेश चयन परीक्षा पंजीयन 30 तक

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2025–26 में जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 11वीं में लेटरल एंट्री प्रवेश चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि 30 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्य साधना अनुपम दलेला ने बताया कि कक्षा 11वीं में लेटरल एंट्री प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 18 फरवरी 2025 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण करने की प्रक्रिया जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि शिक्षा सत्र 2024–25 में अध्ययनरत कक्षा 10वीं के छात्र–छात्राएं जिनका जन्म 1 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 तक है, ऐसे विद्यार्थी नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं में चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र होंगे।

भूसरेंगा के एक परिवार के जमीन बंटवारा का मामला

# तहसील कार्यालय से दस्तावेजों को किया गया गायबः किसान
# रखरखाव में दस्तावेज इधर- उधर हुए होंगेः नायब तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

### पीड़ित ने फैसले को प्रभावित करने का लगाया आरोप

तहसील कार्यालय गुण्डरदेही में टेबल से दस्तावेज को गायब कर फैसले को प्रभावित करने की शिकायत सामने आई है।


ग्राम भूसरेंगा के पीड़ित किसान रामकुमार साहू ने आरोप लगाया कि हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत बंटवारानामा और फर्द रिपोर्ट को तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार और बाबू ने पक्षकार के वकील से मिलकर फैसले को प्रभावित व दस्तावेज को टेबल से गायब किया है। मामला जमीन बंटवारा का है। पीड़ित रामकुमार साहू ने बताया कि मेरी बहनों ने सहमतिपूर्वक बंटवारानामा में दस्तखत किए थे। लेकिन बाद मे एक बहन ने राजस्व न्यायालय में आपत्ति करते हुए आवेदन दिया। यहां पीड़ित किसान ने आरोप लगाया कि मेरी बहन ने बाबू और नायब तहसीलदार से मिलीभगत करके उक्त दस्तावेज़ फ़ाइल को टेबल से गायब कर दिया है, जिसके कारण से फैसला रामकुमार के पक्ष से निकलता दिख रहा है।

वहीं बंटवारानामा मे आपत्ति करने वाले रामकुमार साहू की बहन महेश्वरी साहू का कहना है कि मुझे अपने पिताजी की संपत्ति मे हकत्याग करने के एवज में जो राशि देने की बात मेरे भाई द्वारा कही गई, वो मुझे आज तक नहीं मिली है। इसलिए अब मुझे अपने पिताजी की संपत्ति में पूरा हक़ चाहिए।



### आरोप निराधार : रुद्रपति

इधर गुण्डरदेही नायब तहसीलदार बी.रुद्रपति ने कहा कि जो आरोप लगाया है वो निराधार है। फाइल से कागज गायब नहीं हुए हैं, रखरखाव में दस्तावेज़ इधर उधर हो गए होंगे। उनके दस्तावेजों को संलग्न किया गया है, आगामी पेशी में सुनवाई होगी।



**समस्या :** बिजली की आवाजाही व अघोषित कटौती से लोगों की परेशानी बढ़ी

# बारिश थमते ही सूर्य ने दिखाए तेवर तापमान पहुंच गया 34 डिग्री के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मानसून विदा होने के इस दौर में बारिश बिल्कुल थम गई है। सूर्य ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह सूर्योदय के बाद 8 बजे से ही चिलमिलाती धूप ने अपना तीखा तेवर दिखाना शुरू कर देता है। चार माह पहले गुजर चुकी गर्मी का अहसास बारिश के इस मौसम में भी हो रहा है। दिन का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर गया है। लोग घर से निकलते ही रुमाल, गमछा, टोपी या फिर छाता का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। स्कूली बच्चे तेज धूप से बचने सिर पर गमछा बांधे हुए हैं तो कुछ छाता तानकर पैदल स्कूल जा रहे हैं। इधर घरों में लोग चौबीस घंटे पंखा, कूलर, एसी का उपयोग कर रहे हैं।

बीते एक सप्ताह से जिला मुख्यालय से लेकर गांवों तक लोग गर्मी से हलाकन हैं। वहीं गर्मी के साथ ही बिजली कटौती के चलते लोग दोहरी मार झेल रहे हैं। शहर में आवाजाही का खेल चल रहा है। दोपहर व रात के समय बार बार बिजली बंद होने से लोगों का नींद खराब हो रही है। वहीं ठेकेदारों के अधीन काम करने वाले कर्मचारी भी रातभर डयूटी देकर विद्युत आपूर्ति में आए खराबी को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। लो वोल्टेज से लोगों को काफी परेशानियों का सामना कर ना पड़ रहा है।



### 8-10 साल पहले नवरात्रि में ठंड की हो जाती थी शुरुआत- रमन



शहर के वरिष्ठ पत्रकार और मौसम के जानकार रमन टुवानी ने बताया कि वर्तमान समय में मौसम में काफी बदलाव हो गया है। आज से 8–10 सालों पहले शारदीय नवरात्रि पर्व शुरुआत होते ही ठंड भी दस्तक देता था। उन्होंने बताया कि खासकर ग्रामीण इलाकों में सुबह और देर शाम को आंशिक रूप से ठंड का अहसास होता था। काफी हद तक ओस गिरने लगती थी। इसी के साथ ही दशहरा पर्व से लेकर दीपावली पर्व तक गुलाबी ठंड का एहसास होता था। लोग सुबह- सुबह धूप में खड़े होते थे, लेकिन वर्तमान में ऐसा कुछ भी नजर नहीं आ रहा है बल्कि गर्मी अधिक बढ़ गई है।

### विद्युत पोल में लगी आग, मची अफरातफरी



**बालोद।** शहर के पाण्डेपारा में बिजली पोल में बने तारों के जाल से करीब एक घंटे तक धुआं निकलता रहा। जिससे वहां अफरातफरी का माहौल रहा। शार्ट सर्किट से आग लगने का भी खतरा था। सूचना पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने जिस तार से आग की चिंगारी निकल रही थी उसे काट कर अलग किया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि विद्युत पोल में मकड़जाल की तरह तार फैले हैं। शहर के गली मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति के लिए बिछाए गए वर्षों पुराने बिजली पोल और 11 केव्ही के तार काफी जर्जर और खराब हालत में है। इसी के चलते आए दिन शहर में तार टूटने और उस टूटे तार को सुधारने में घंटों तक बिजली बंद करने की समस्या आम बात हो गई है। वहीं बिजली पोल में कई अलग अलग सेटअप बॉक्स, डिक्स या अन्य कंपनियों के जो टीवी कनेक्शन के लिए तथा लोगों के घरों तक विद्युत आपूर्ति के लिए पोल के तार जोड़ा गया है। जिसके चलते शहर के सभी बिजली पोल में तारों का जाल बना हुआ है। इनकी वजह से अक्सर शार्टसर्किट की घटनाएं होती हैं।

# छग में भी गौमाता को दिया जाए राज्यमाता का दर्जाः रामबालक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- गोध्वज स्थापना समारोह रायपुर में होगा 7 को
- सामाजिक धार्मिक संगठनों से शामिल होने का किया आव्हान

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गौसेवी व जामड़ी आश्रम के संत रामबालक दास महात्यागी अपने मंदिर से संकल्प यात्रा के अंतर्गत गुरुवार को साजा क्षेत्र पहुंचे। जहां पर ग्राम ठेलका, बेलतरा में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को कहा कि महाराष्ट्र में जिस तरह गौमाता को राज्य माता घोषित किया गया। इसी तरह छत्तीसगढ़ की सरकार भी गौ माता को राज्यमाता का दर्जा प्रदान करें। आने वाले 7 अक्टूबर को रायपुर दीनदयाल ऑडिटोरियम में जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के सानिध्य में होने वाले गोध्वज स्थापना समारोह की जानकारी भी उन्होंने सबको दी। साथ ही कहा कि हजारों की संख्या में हम भी रायपुर जाएंगे और गौ माता को राज्यमाता का दर्जा दिलाएंगे। ज्ञात हो कि जगतगुरु शंकराचार्य द्वारा राम बालक दास को छत्तीसगढ़ प्रदेश के गौदूत के रूप में जिम्मेदारी दी है। जिसके अंतर्गत 7 अक्टूबर के कार्यक्रम के लिए संत जी पूरे प्रदेश में प्रचार प्रसार कर रहे हैं। संत श्री ने प्रदेश के समस्त धार्मिक संगठनों, सामाजिक संगठनों को 7 अक्टूबर को अधिक से अधिक संख्या में गौमाता के लिए रायपुर आने का आव्हान भी किया।

# ऐतिहासिक सामाजिक व अध्यात्मिक योगदान पर भाषण व चित्रकला स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में जनजातीय गौरव माह कार्यक्रम के अन्तर्गत 4 अक्टूबर को जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत- ऐतिहासिक सामाजिक एवं अध्यात्मिक योगदान'' विषय पर चित्रकला एवं भाषण स्पर्धा आयोजित की गई। भाषण में कु. कविता बी.एससी भाग तीन एवं चित्रकला में फनेश कुमार बी.कॉम द्वितीय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के संयोजक नेहा ध्रुव, सह संयोजक नंदकिशोर सिन्हा, विशिष्ट अतिथि मयंक कुमार मंडावी, कुलेश्वर पटेल, टेकराम नेताम, हलेश कुमार लिल्हारे एवं समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



आला अफसरों ने आदेशानुसार कार्रवाई का दिया आश्वासन

# शिक्षकों ने मांगा क्रमोन्नत वेतनमान सीईओ, डीईओ को दिया अभ्यावेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शिक्षकों ने उच्च न्यायालय बिलासपुर से क्रमोन्नति वेतनमान, समयमान वेतनमान प्रदान करने की आदेश का अभ्यावेदन सीईओ जिला पंचायत, डीईओ बालोद, बीईओ को सौंपा है। अभ्यावेदन सौंपकरक्रमोन्नत वेतनमान की मांग की है।

जिला पंचायत सीईओ को शिक्षकों में उच्चन्यायालय के आदेश की जानकारी दी। न्यायालय के आदेशानुसार क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने का आग्रह किया। जिस पर सीईओ जिला पंचायत बालोद उच्च न्यायालय के आदेशानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि जिले के 24 शिक्षकों ने न्यायालय की शरण लेकर अपने लिए क्रमोन्नति श्रीमती सोना साहू के आदेश के आधार पर प्रदान करने पिटीशन लगाई थी। जिससे कि उन्हें भी क्रमोन्नति देने का आदेश न्यायालय ने प्रदान किया है।

नवीन शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश साहू ने बताया की जल्द ही शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति प्रदान करने की कार्रवाई शुरू होगी, ऐसा विश्वास है।



## दुपचेरा में शीतला मंदिर व पिकरीपार में रोड निर्माण का किया लोकार्पण

# महिलाएं समाज सुधार की दिशा में कर रहीं बेहतर कार्य : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा ने ग्राम दुपचेरा व पिकरीपार में लाखों की लागत से निर्मित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूज कर ग्रामीणों को सौगात दी। इस मौके पर बच्चों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। विधायक संगीता सिन्हा ने बच्चों का भी सम्मान करते हुए उत्साहवर्धन किया।

गांव में विधायक के पहुंचते ही ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान अन्य ग्रामीणों ने भी विधायक से मिलकर अपनी समस्या बताई। जिसे पूरा करने विधायक ने आश्वासन दिया। ग्राम दुपचेरा में धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग से शीतला मंदिर का लोकार्पण, विधायक निधि से बाजार चौक में साहू मंच के पास टीन शेड लोकार्पण, 15 वे वित्त एवं जनपद विकास निधि से बाजार चौक मे साहू मंच के पास सीसी रोड़ का लोकार्पण, 15वे वित्त जनपद स्तर से पानी टैंक लोकार्पण, 15 वे वित्त जनपद स्तर से साहू सामूदायिक भवन मे आहा निर्माण का भूमिपूजन, 15वे वित्त जनपद स्तर से बाजार चौक मे साहू मंच जीर्णोद्वार का भूमिपूजन, 15वे वित्तर स्तर से गिरधर घर के पास सीसी रोड़ का भूमिपूजन किया। इसी तरह दुपचेरा में ही जनपद विकास निधि से राजीव गांधी सेवा केन्द्र में संधारण कार्य का भूमि पूजन एवं 15वे वित्त जनपद स्तर से राजीव सेवा केन्द्र मे सिटेक्स एवं मोटर पंप स्थापना कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके अलावा ग्राम पिकरीपार में भी शितला मंदिर जीर्णोद्वार एवं अतिरिक्त कक्ष, रोड़ निर्माण का लोकार्पण किया। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि आज की परिवेश में महिलाएं समाज सुधार की दिशा में बेहतर कार्य करते हुए अधिकांश स्थानों पर स्वयं प्रतिनिधित्व कर रही है, नारियों में सहनशीतला, आत्मविश्वास होता है, नारी अगर चाहे तो समाज में फैले कुरीतियों या फिर अन्य बुराई को रोक सकती है, नारियों को अपनी ताकत और शक्ति को पहचानने की जरूरत है।



**क्षेत्र के चारों तरफ मूलभूत सुविधाओं का विस्तार : साहू :** ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने कहा कि क्षेत्र की उत्कृष्ट विधायक के सत्त प्रयास से बीते 5 वर्षों में क्षेत्र के चारो तरफ मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है। कार्यक्रम के दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर अध्यक्ष तामेश्वर साहू, उपाध्यक्ष दुर्गुराम सिन्हा, महामंत्री सादिक अली, विधायक प्रतिनिधि ओंकार महमल्ला, टोमन साहू, डॉ किशोर साहू, जिला पंचायत सदस्य केदार ठाकुर, कांग्रेस कार्यकर्ता चोवाराम, दीनाराम चेलक, जनपद सभापति एसकुमार कलिहारी, सरपंच गेदलाल सोनबोईर, ग्राम पटेल नीलांबर साहू, ग्रामीण अध्यक्ष देवगण नागवंशी, पिकरीपार सरपंच चंदा साहू व दोनों ग्राम से पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मां दुर्गा का स्कूली बच्चों ने किया दर्शन



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी के सांस्कृतिक कला मंच में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शनार्थ रेंगाडबरी के विवेकानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के अध्यनरत नर्सरी से पांचवी तक के 120 बच्चे एक साथ मां दुर्गा का दर्शन करने पहुंचे। जिसमें प्रधान पाठिका नगीना ठाकुर, भूमिका साहू, देव कुमार साहू, खोमलाल भैसारे, अनीता साहू, इन्दू खरे सहित सभी सर मैडम ने मां दुर्गा का बच्चों को एक-एक कर दर्शन कराया।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### जुगेंरा बंजारीधाम में प्रज्ज्वलित किए गए 170 ज्योत कलश

**बालोद।** ग्राम जुगेंरा बंजारीधाम में ज्योति कलश स्थापना किया गया है, जिसमें कुल 170 ज्योत जलाया गया है। जिसमें से घी का 35 ज्योति एवं तेल से 135 ज्योत जलाया गया है। विशेष कार्यक्रम मातासेवा नौ दिनों तक चलेगी। गरबा नाइट कार्यक्रम 7 से 11 तारीख तक आयोजित किया जाएगा।

### सेवादल बोरगहन चौक कर रहा पर देवी भक्तों की सेवा




**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही-धमतरी मुख्य मार्ग पर ग्राम बोरगहन चौक पर यहां के स्थानीय सेवादल के सदस्यों द्वारा माता बम्लेश्वरी दर्शन के लिए जा रहे पैदल यात्रियों के लिए स्वल्पहार का व्यवस्था रखा गया है। नवरात्रि के प्रथम दिवस की शाम से यह आयोजन किया गया। इस मार्ग से जो पैदल यात्री मां बम्लेश्वरी दर्शन करने जा रहे हैं, उनके पंडाल में रुक कर थोड़ा विश्राम कर स्वल्पहार सेवन कर आगे बढ़ रहे हैं। पैदल दर्शनार्थियों ने इस तरह के व्यवस्था एवं सेवा भाव के लिए सेवादल के सदस्यों का बहुत ही सराहना किया।

### आवास मित्र, समर्पित मानव संसाधन पूर्ति सूची जारी दावा-आपत्ति लेंगे 10 तक

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास मित्र व समर्पित मानव संसाधन की पूर्ति किये जाने हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच एवं सारणीकरण उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदक जिला पंचायत बालोद में 10 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में अपना दावा–आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने बताया कि आवेदक प्रकाशित सूची का अवलोकन बालोद जिले की वेबसाइट के साथ जिला पंचायत के सूचना पटल पर भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि उपरांत दावा आपत्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रें पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### फिजियो व स्पीच थैरेपिस्ट की नियुक्ति आवेदन लेंगे 14 तक

**बालोद।** जिले के संसाधन स्त्रोत केन्द्र में दिव्यांग बच्चों की शारीरिक बाधाओं को दूर करने के लिए फिजियो एवं स्पीच थैरेपिस्ट की अस्थायी नियुक्ति किया जाना है। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा बालोद ने बताया कि इस संबंध में आवेदक 14 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक भर्ती की शर्तें एवं आवश्यक शैक्षणिक अर्हताएं जिले के वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते हैं।

## नवरात्रि : नारागांव के जंगल में स्थित है देवी स्थल


# जर्जर सड़क व समस्याएं पर भारी आस्था, मां सियादेवी मंदिर में रोज पहुंच रहे हजारों भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नवरात्रि पर जर्जर सड़क व समस्याओं पर आस्था अक्सर भारी पड़ती है। देवीं मां के जयकारे के साथ ऊंची पहाड़ियों, जर्जर व पत्थरों से भरे मार्गों को भी भक्त पार करके दर्शनार्थ पहुंचते हैं। ऐसा ही नवरात्रि शुरू होने के साथ ही जिले के प्रमुख प्रसिद्ध मंदिरों में शामिल ग्राम नारागाँव स्थित सियादेवी मंदिर में जर्जर सड़क व समस्याओं का सामना करके रोज हजारों भक्त पहुंच रहे हैं। मां के दर्शन करके अपनी मनोकामना पूर्ण करने प्रार्थना, पूजा अर्चना कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय से महज 22 किलोमीटर दूर नारागाँव के जंगल में स्थित सियादेवी का मंदिर विराजमान है। यह सियादेवी का मंदिर दार्शनिक स्थल के साथ पर्यटक स्थल के लिए प्रसिद्ध है। जहाँ पर प्रत्येक वर्ष चैत्र व क्वांर नवरात्रि के पावन पर्व और नववर्ष के अवसर पर बहुत ही ज्यादा भीड़ लोगों की उमड़ती है। यहां बारहों महीने हजारों की संख्या मे भक्तों की भी भीड़ मदिर में मथा टेकने और दूर- दूर से पिकनिक मनाने अपने दोस्तों और परिवार वालों के साथ पहुँचते है। वहीं सियादेवी मंदिर के आसपास झरना, झील, नदी, डेम, पत्थर और घने जंगल जो विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है। जिसके चलते लोगों को घूमने –फिरने के लिए पर्याप्त जगह मिलती है। जिससे लोगों का मन आनंद और उत्साह से भर जाता है। जहाँ पर पर्यटकों को आलौकिक आनंद की प्राप्ति होती है। जिसके कारण लोग इस पर्यटक स्थल में घंटों बैठकर अपना समय व्यतीत करते नजर आते है।

### छह माह पहले राशि स्वीकृत होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं





### फाइल टेंडर प्रक्रिया के लिए भेजी गई

रानी माँ चौक से सियादेवी मंदिर वन मार्ग कि फाइल टेंडर प्रक्रिया के लिए भेजी गई है। पूरी होते ही कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।

- माधेश्वर प्रसाद
इंजीनियर, पीडब्लूडी

### राशि स्वीकृति होने के छह माह बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं

रानी मां चौक से सियादेवी मंदिर वन मार्ग 3 किलोमीटर लम्बी सड़क वर्षो से कच्ची है। जिसे वर्तमान में वन विभाग द्वारा नवरात्रि को ध्यान में रख लाल मुरम डालकर मरम्मत कराई है। बावजूद इसके राहगीरों को लाल धूल और गड्ढों के साथ ही कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि सड़क निर्माण के लिए शासन की ओर से सियादेवी बड़भूम मार्ग तक रानी मां चौक से 3 किलोमीटर 319.38 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिसकी निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू लोक निर्माण विभाग द्वारा नहीं किया गया है।

### कटाव होने से हो रहे हादसे

झलमला गुरुर मुख्य मार्ग 930 मध्य स्थित ग्राम सांकरा ( क ) से सियादेवी मंदिर पहुँच मार्ग भी बहुत ही ज्यादा जर्जर हालात में है जो राहगीरों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। बावजूद जर्जर सड़क की मरमत या नवीन निर्माण के लिए प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। क्योंकि कांडे और नारागाँव के मध्य स्थित पुल जर्जर हो चुका है, जिसके कारण मिट्टी का कटाव भी हो गया हो। जहाँ कुछ दिनों पहले ही स्कूटी वाहन अनियंत्रित होकर गिरी थी। हालांकि सवार सुरक्षित थे।

## पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने सपरिवार किया मां बम्लेश्वरी के दर्शन



**अंडा।** प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने शारदीयच नवरात्रि के द्वितीय दिवस एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव जिले की धर्मनगरी डोंगरगढ़ पहुंचे। उन्होंने सपरिवार मां बम्लेश्वरी देवी के दरबार पहुंचकर उनके दर्शन किये और पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना। साथ ही वे नीचे छोटी मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया।

## दुर्गा प्रतिमा एवं ज्योति कलश स्थापना के बाद गूंजा जसगीत



**गुरूर।** दुर्गा उत्सव समिति पुराना बाजार चौक सतमरा के तत्वाधान में मां दुर्गा प्रतिमा एवं ज्योति कलश स्थापित किया गया और रात्रि कालीन कार्यक्रम जसगीत का अयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सचिव युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू गुरुर डॉ. डामन श्रीसंत थे। अध्यक्षता मोहारा पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉ. हरिकृष्ण गंजीर ने किया। अतिथि डॉ. परमेश्वर जेठमल, डॉ. रूपचंद बनपेला, भोजराम साहू, उपसरपंच ग्राम पंचायत सतमरा मनराखन साहू, सदस्य निजी चिकित्सा संघ गुण्डरदेही युगल किशोर सिन्हा जस गीत कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा की नौ रूपों की वर्णन किया गया। इस अवसर पर उत्तर राम सिन्हा, रामगुलाल साहू, दशरथ जेठमल, दौवा रामसेन, बेदुरम साहू एवं ग्राम के माताएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

## संगठित होकर ईमानदारी से कार्य करें : सोनी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लाक मनरेगा मेट संघ डौंडीलोहारा के तत्वावधान में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती हर्षोल्लास के साथ ग्राम फरदफोड़ में मनाया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी, गांधी एवं शास्त्री के तैलचित्रो की पूजा अर्चना कर उनके चरित्र पर प्रकाश डाला गया तथा उनके बताए सन्मार्ग पर चलने प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरण लोन्हारे सरपंच ग्राम पंचायत फरदफोड़, अध्यक्षता विष्णु कोठारी अध्यक्ष मेट संघ डौंडीलोहारा, कविता चतुर्वेदी उपाध्यक्ष मेंट संघ डौंडीलोहारा मंचासीन रहे। दिनेश कुमार गंजीर सचिव ने बताया की ग्राम पंचायत फरदफोड़ को श्रेष्ठ पंचायत व श्रेष्ठ सरपंच का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसके लिए हम सभी मेंट साथियों के आभारी हैं। सोनी भी अपने उद्बोधन में गांधी व शास्त्री के जीवन शैली व कार्य शैली पर प्रकाश डालते हुए मेंट संघ को हमेशा संगठित होकर पूरे ईमानदारी से कार्य करने पर जोर दिया और कहा कि संघ संघे कलयुग इस कलयुग में संघ की ताकत का ही महत्व है। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों को मेंट संघ द्वारा श्रीफल व अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कीर्तन देवांगन ने किया। उपस्थित मेंट साथी ढाल साहू सचिव, ओंकार साहू कोषाध्यक्ष, संतलाल साहू, नकुल चन्द्राकर,पेरमु राम नायक,सोहन लाल, मुकेश धनकर दिव्यांग मेंट, योगेश कुमार, तुलाराम बनपेला, शिव कुमार पटेल, नोहर साहू, राजेन्द्र राणा, मोरध्वज बैरागी, प्रमोद कुमार, अश्वनी कुमार, गिरधर देवांगन, केंशरी नंदन सोनबरसा, गेमन बाई, पुनीत राम भुआर्य, जीवराखन लाल, सुरेश कुमार दुबे, नेहरू कोसमा मिडिया प्रभारी एवं अन्य मेंट साथी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित हुए।

■ मनरेगा मेट संघ ने गांधी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

# दिव्यांग सरपंच ने 300 बच्चों को परोसा स्वादिष्ट भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



नवरात्र शक्ति पर्व पर स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट स्कूल निकुम में लगातार शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे ग्राम पंचायत भोथली के दिव्यांग सरपंच सुरेश साहू बच्चों को हित में कार्य रहे है, स्वंय पोलियो ग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों को समय समय पर पल्स पोलियो के लिए जागरुक कर अभिनव पहल कर रहे है।

गौर हो स्कूल में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत दिए जाने वाले भोजन के साथ बच्चों को न्यौता भोज से अतिरिक्त भोजन देकर बच्चों को अधिक पोषक तत्व मिले थीम पर लगातार कार्य कर रहे हैं, वहीं निकुम स्कूल में शुक्रवार को लगभग 300 स्कूली बच्चों को स्वादिष्ट भोजन अपने हाथों से बच्चों को बाटा, गौर हो अपने ग्राम भोथली में सुरेश साहू लगातार 6 बार न्यौता भोजन दे चुके है। वहीं दिव्यांग सरपंच सुरेश साहू को संस्था प्रमुख एके पांडे ने कहा कि शिक्षकों व ग्रामीणों के सहयोग से बच्चों को स्वादिष्ट न्यौता भोजन मिलता है। इस अवसर पर प्रभारी जीएल बंजारे, एमडीए प्रभारी यश्वनी व स्टाप खुशबु मिश्रा, मनदीप कौर सहित सभी स्टाफ उपस्थित थे।

### जन्मदिन पर लमती स्कूल में बच्चों को कराया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के लमती में कक्षा 3री के छात्र तेजश कुमार खरे के जन्मदिन के शुभ अवसर पर शुक्रवार को उनके दादा मुरित राम ठाकुर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को संयुक्त रूप से नेवता भोज कराया गया। जिसमें दोनों शाला के बच्चो को खीर, पुड़ी, पेड़ा मिठाई खिलाया गया। जन्मदिन पर सभी बच्चों और दोनों शाला के शिक्षकों के द्वारा उपहार एवं शुभकामनाएं देते हुए शाला के प्रधान पाठक द्वारा तेजश कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ग्रामीण जनता को नेवता भोज देने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर केएल बारले शिक्षक, प्रियंका लोहरे, संध्या पिस्दा मैडम, समिति के अध्यक्ष मुरित राम ठाकुर, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार रावटे, भागबती, मोहनी खरे, भुनेश्वरी खरे, हसीना प्रधान, हसीना बड़ाई, भारसिंग, रामेश्वरी खरे, डाली खरे आदि उपस्थित रहे।





# घर में आई खुशी, स्कूल में छात्र छात्राओं को कराया न्योता भोज

**बालोद।** सेजेस इंग्लिश माध्यम सुरेगांव सौरभ देवांगन ने प्रथम पुत्र रत्न की प्राप्ति की खुशी में शाला में अध्ययनरत 1 से 8 वीं तक के सभी बच्चों एवं समस्त शाला स्टाफ के लिए न्योता भोज का अयोजन किया गया। सेजेस के प्राचार्य एसआर ठाकुर एवं सभी शिक्षकों नेउन्हें बधाई प्रेषित करते हुए न्योता भोज के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## दादा, पोती व अपने जन्मदिन पर मोखा स्कूल में कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला मोखा में शुक्रवार को ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष लोकनाथ दावना ने अपने और पिता मानसिंग साहू व पुत्री विनीता साहू तीनों के जन्मदिन 4 अक्टूबर के अवसर पर नेवता भोज कराया। वहीं दमेश साहू ने अपने जन्मदिन पर चाकलेट और मिठाई बांटी। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष पृथ्वी राम साहू, उपाध्यक्ष रेमनलाल साहू, हीराधर साहू, बसंत साहू, हरिलाल, महेश साहू, दिनेश साहू एवं महिला सदस्यगण उपस्थित थे।

### चैंबर ने जनजागरुकता के लिए चलाया आया त्योहार चलो बाजार अभियान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स ने पारंपरिक बाजारों की रौनक लौटाने तथा ऑनलाइन प्लेटफार्म पर खरीदी नहीं करने आया त्योहार चलो बाजार अभियान चलाया है।इसमें लोगों से यह अपील की गई है कि वे स्थानीय व छोटे दुकानदारों से खरीदारी कर बाजार की रौनक लौटाएं। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन लोकल फॉर वोकल अभियान को समर्थन देने चैंबर ने आया त्योहार चलो बाजार अभियान चलाया है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# श्रद्धा से बढ़कर और कोई पूजा नहीं होतीः रुचिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

समस्त तीर्थ से बढ़कर देवी मां की कथा है, मां अपने बच्चों के साथ कभी भेदभाव नहीं करती, यही वजह है कि मां की जो पूजा करते हैं, चाहे वह देव हो या दैत्य मां उन्हें वरदान देती है। मानव धर्म जो मिला है सर्वोच्च है। इसलिए सर्वप्रथम भगवान की आराधना करनी चाहिए। श्रद्धा से बढ़कर कोई पूजा नहीं होती पर आज मनुष्य जब दुनिया से ठोकर खाता है, तब भगवान को याद करते हैं। यह बातें महादेव भवन बालोद में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक लाडली रुचिता तिवारी ने कही।


■ भागवत कथा के द्वितीय दिन कथाव्यास ने अनेक प्रसंगों पर दिया व्याख्यान

श्रीमद् देवी भागवत कथा के द्वितीय दिन कथा व्यास रुचिता तिवारी ने अनेक प्रसंगों पर व्याख्यान दिया। हयग्रीव अवतार की कथा बताते हुए कहा कि इसके लिए भगवान को इस दैत्य है, गुरु की तरह बनना पड़ा क्योंकि है हयग्रीव को वरदान था कि उसे उसी की तरह का ही जीव मार सकता है। हयग्रीव का रूप लेने के लिए भगवान का सिर भी कटा जिसका उन्हें श्राप मिला था। कथा के दौरान रुचिका तिवारी ने प्रत्येक घटनाओं का संदर्भ जिक्र करते हुए बहुत ही आसान तरीका से श्रद्धालुओं को समझाया। मधु कैटभ वध, व्यासजी की तपस्या, सुखदेव जन्म, सुखदेव गृह त्याग, राजा शांतनु की कथा, सत्यवती उत्पत्ति, भीष्म की कथा, कौरव पांडव का जन्म व इतिहास की कथा विस्तार से बताई।



**संकटों का निवारण करती हैं मां भगवतीः** कथा के दौरान रुचिका तिवारी ने कहा कि मां भगवती सब का ध्यान रखती हैं। सबके संकटों का निवारण भी करती हैं। जब–जब देवों में संकट आया तब तब सभी देव मां भगवती की ही आराधना किए, उन्होंने कहा कि मां भगवती तो सारे जग की मां हैं। जग के सारे प्राणी उनकी संतान हैं, जो भी मां भगवती की आराधना करेगा उसे उसका पुण्य लाभ अवश्य मिलेगा। चाहे वह दैत्य ही क्यों ना हो। उन्होंने आसान तरीके से बताया कि किस तरह दैत्यों को भी मां की आराधना के कारण बड़े–बड़े वरदान मिले, ऐसे ही कुछ वरदानों के कारण भगवान को अवतार लेना पड़ा। कथा के दौरान भजनों में श्रोता झूम उठते हैं।

**व्यवस्था को लेकर समिति के सदस्य सक्रियः** दुर्गा समिति के सदस्य व्यवस्था बनाने में लगातार सक्रिय हैं। समिति के लोगों ने धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक कथा का हिस्सा बनें। गंजपारा दुर्गा समिति द्वारा श्रीमद् देवी भागवत कथा पर मुख्य जजमान गोवर्धन चांडक सहित काफी संख्या में दुर्गा समिति के सदस्य गण व्यवस्थापक राजू पटेल, अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सचिव मनोज चांडक, सरक्षक टिकेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी जितेंद्र साहू, शंभू पटेल, संतोष शर्मा, गोविंद टावरी, धीरज दुबे, राजू देशमुख, बाबू भाई पटेल, जगदीश पटेल, राजा टावरी, पप्पू रघुवंशी, यग दत्त शर्मा, मोहन शर्मा, अमृत भाई पटेल, बाबू भाई पटेल, विश्राम भाई पटेल, राम रतन टावरी, गौतम बाफना, टीकम पिपरिया, पुरुषोत्तम देशमुख, मधुसूदन देशमुख उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर

रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411